राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल का पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर संदेश

एकात्म मानववाद को अपना कर जीवन को बनाया जा सकता है सार्थक – राज्यपाल

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रवादी चिंतक एवं विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयन्ती (25 सितम्बर) के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धा नमन किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय देश की एकता–अखंडता और दरिद्र नारायण की सेवा के लिए अंतिम सांस तक समर्पित रहे। उनके दिए एकात्म मानववाद के दर्शन को अपनाकर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

———